शब्द से जुड़े शब्द –

नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में ‘बड़प्पन’ से जुड़े शब्द अपने समूह में चर्चा करके लिखिए–



‘बड़प्पन’ शब्द ‘बड़ा’ और ‘पन’ से मिलकर बना है। इसका अर्थ होता है – बढ़ाई, श्रेष्ठ या बड़ा होने का भाव, महत्व, गौरव। इसका उपयोग मुख्य रूप से व्यक्तित्व, गुण और चरित्र की ऊँचाई या महानता बताने के लिए किया जाता है, जैसे- उनकी सादगी बड़प्पन ने सबका मन जीत लिया।

नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं जो किसी भाव को व्यक्त करते हैं। इनमें से जो शब्द ‘बड़प्पन’ के भाव व्यक्त करते है, उन पर एक गोला बनाइए, जो बड़प्पन का भाव व्यक्त नहीं करते हैं, उनके नीचे रेखा खींचिए।

सहनशीलता	**दया**	**अहंकार**	**विश्वास**	**घमंड**	**ईर्ष्या**
द्‌वेष	**प्रतिशोध**	**क्रूरता**	**उदारता**	**विनम्रता**	**त्याग**
संतोष	**समर्पण**	**आदर**	**सम्मान**	**निष्ठा**	**परोपकार**
सद्‌भावना	**स्वार्थ**	**अपमान**	**अविश्वास**	**झूठ**	**अधीरता**
लालच	**झगड़ालूपन**				